# गांव मेहरा के खेत में मानवीय कंकाल की खोपड़ी व कुछ हिस्से-कपड़े के मिले

## सीन ऑफ क्राइम व पुलिस कर्मचारियों ने हिस्से इकट्ठे कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग





**लाडवा :** गांव मेहरा की डाबर कालोनी में उस समय हडक़ंप मच गया। जब गेहूं के खेत में एक किसान का कर्मचारी सहदेव गेहूं की फसल में दवाई का छिडक़ाव कर रहा था। तब उसे एक मानवीय कंकाल की खोपड़ी नजर आई। जिसकी सूचना उसने तुरंत डायल 112 की गाड़ी को दी और पुलिस मौके पर पहुंची।

मौके पर पहुंचे लाडवा थाना के सब इंस्पेक्टर मूलचंद ने बताया कि गांव मेहरा की डाबर कॉलोनी के नजदीक किसान राजकुमार के खेत में गेहूं की फसल खड़ी है। उसके अंदर एक कंकाल के शरीर के कुछ हिस्से पुलिस को मिले हैं। जिसको लेकर छानबीन की जा रही है। अभी तक यह नहीं मालूम पड़ा है कि यह कंकाल स्त्री या पुरुष का है। पोस्टमार्टम के बाद इसकी पुष्टि होगी। उन्होंने कहा कि कंकाल के कुछ हिस्से गेहूं के खेत से बरामद हुए हैं।

**नवंबर में लगी थी गेहूं की फसल :** गांव मेहरा के लोगों ने कहा कि गेहूं की फसल की बिजाई नवंबर, दिसंबर के महीने में होती है और कभी-कभी ही किसान या मजदूर का खेत में जाना होता है। यह नहीं मालूम कि यह किसने डाल दिया है या किसका है। इसकी तहकीकात चल रही है पुलिस भी छानबीन कर रही है।

**अलग-अलग स्थान पर मिले हिस्से व कपड़े :** लाडवा पुलिस के सब इंस्पेक्टर मूलचंद ने बताया कि एक जगह से कंकाल की खोपड़ी, दूसरी जगह से बाजू, तीसरी जगह से कुछ छोटे-छोटे पीस, चौथी जगह से टांग का कुछ हिस्सा व पांचवी जगह से हाथ जैसा कुछ मिला है। जो कट्टे में डाल लिया है।

### मौके पर पहुंची सीन ऑफ क्राइम की टीम

गांव मेहरा में मौके पर पहुंची सीन ऑफ क्राइम की टीम व लाडवा पुलिस के कर्मचारियों ने खेत के पांच स्थानों से अलग-अलग कंकाल के हिस्से कट्टे में डालकर पोस्टमार्टम के लिए कुरुक्षेत्र भिजवा दिये है।

### गांव से कोई भी गायब नहीं है : सरपंच

गांव मेहरा के सरपंच सुरमुख सिंह ने कहा कि पिछले काफी लंबे समय से गांव का कोई भी व्यक्ति गांव से गायब नहीं है। यह नहीं मालूम कि यह कंकाल के हिस्से किसके है और कहा से आए है।

# जेजेपी ने किया था सत्ता की मंडी में जनता का विश्वास बेचने का काम : रणदीप सुरजेवाला

### भाजपा हारेगी 10 की 10 लोकसभा सीटें, हरियाणा में नायब सैनी प्रदेश के अंतिम सीएम साबित होंगे : सुशील गुप्ता




कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सांझे लोकसभा उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता ने आज कैथल गुहला व पुंडरी तीनो विधानसभाओं की अनाज मंडियों का दौरा किया है।

इस दौरान सभी आढ़तियों, व्यापारियों, किसानों, मजदूरों, पल्लेदारो और दुकानदारों से मिलना हुआ है इस दौरान उनसे अपील की है कि वह सरकार जिसने आढ़तियों की आढ़त खा ली, वह सरकार जिसने मजदूरों के मजदूरी खा ली, वह सरकार जो व्यापारियों के बिजनेस पर आक्रमण कर रही है, उनकी रोजी-रोटी छीन रही है, ऐसी सरकार को दिल्ली की सत्ता में भेजने का कोई अधिकार नहीं है, जनता के लिए एक ही रास्ता बचाव का है कि यहां से गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को भारी मतों से वोट दें। दुष्यंत चौटाला द्वारा भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बयान पर चुटकी लेते हुए रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि दुष्यंत कह रहे हैं कि उन्होंने सरकार के 5100 रुपये पेंशन देने के फैसले पर साथ न देने पर पार्टी छोड़ी है, तो वे साढ़े 4 साल से चुप क्यों थे।

सुरजेवाला ने कहा कि इनका समझौता जनता की ठगी का बंधन था। सरकार बनने से पहले एक दूसरे को गालियां दी, एक दूसरे की वोट काटी, भाजपा को यमुना पार भेजने की बात कही गई, जिसके कारण उनको जनता ने वोट दिए थे परन्तु उन्होंने सत्ता की मंडी में उन वोटो को बेचने का काम किया। सुरजेवाला ने कहा कि 2019 में जनमत की सरकार नहीं बनी थी क्योंकि जजपा को वोट भाजपा के खिलाफ दी गई थी परंतु फिर भी सत्ता की मंडी में उन्होंने इसको बेच डाला और 4 साल में उन्होंने जनता नजर नहीं आए, अब वोट काटो पार्टी के तौर पर गठबंधन तोड़ लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा को ना पहले बहुमत था और न आगे होगा, जनता इन चुनावों में उन्हें इसका जवाब देगी।

सुरजेवाला ने कहा कि हम अपने काबिलियत पर व जनता की उम्मीद पर खरा उतारते हुए चुनाव लड़ेंगे और जीत दर्ज करेंगे। डॉ सुशील गुप्ता ने नायब सैनी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब वे लोकसभा सांसद थे तो उनकी पत्नी ने जिला परिषद का चुनाव लड़ा और वे चौथे स्थान पर आई थी, यानी वे अपनी पत्नी को जिला परिषद का चुनाव नहीं जीतवा पाए थे और अब प्रदेश की 10 की 10 लोकसभा सीटें भाजपा हारेगी जिसका सेहरा नायब सिंह सैनी के सिर पर सजेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दिल्ली में सुषमा स्वराज भाजपा की आखिरी सीएम घोषित हुई थी उसी प्रकार हरियाणा में नायब सैनी प्रदेश के अंतिम सीएम साबित होंगे। भाजपा के किसी भी उम्मीदवार को मैदान में टिकने नहीं देंगे और भारी मतों से हराने का काम करेंगे। इस मौके पर उनके साथ पुंडरी हलके के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतबीर भाणा व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ढांड भी उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने से ही हो जाता है मनुष्य का कल्याण : शेर सिंह बड़शामी



राजेश कुमार

**बाबैन :** गांव बिंट के कम्यूनिटी हाल में श्री मद भागवत कथा के समापन अवसर पर आयोजित भंडारे में पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरक्त की। पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी ने कहा कि कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य का कल्याण हो जाता है। भागवत कथा ज्ञान का वह भंडार है जिसके वाचन और सुनने से वातावरण में शुद्धि तो आती ही है, साथ ही मन और मस्तिष्क भी स्वच्छ हो जाता है।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा से घर और समाज में पवित्रता बनती है, जो सुख शांति का आधार है। कथा के ज्ञान को अपने जीवन में धारण करना चाहिए ताकि जीवन सफल हो सके। कथावाचक पंडित बालक राम ने पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि भागवत का उद्देश्य लौकिक कामना का अंत करना और प्राणी को प्रभु साधना में लगाना है। संत चलते-फिरते तीर्थ होते हैं जो संसार के प्राणियों को दिशा देने उन्हें सदमार्ग दिखाने आते हैं। भागवत कथा को जीवन में अपनाने उसके अनुसार स्वयं को ढालने से ही प्राणी अपना कल्याण कर सकता है। इसके श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं। कलयुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है । इस मौके पर सरपंच जसबीर पूनिया, चुहड सिंह, संजीव भैणी, सुखवंत कसीथल, अनिल भैणी सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण पहुंचे।

# भाजपा नेतृत्व ने नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुयमंत्री बना कर प्रदेश के ओबीसी व पिछड़ा वर्गों का समान बढ़ाया : ओमप्रकाश

राजेश कुमार



**बाबैन :** कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बनाए जाने पर बाबैन क्षेत्र के गांवों में भारी जोश एवं उत्साह का माहौल है। नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बाबैन क्षेत्र के गांव रामसरन माजरा, फालसंडा रांगडान सहित अनेक गांवों में लोगों ने ढोल बजाकर व लड्डू बांटकर खुशी मनाई गई।

इस अवसर पर लोगों ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, नायब सैनी व भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए और भाजपा नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर रामसरन माजरा में सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश सैनी, कौशल सैनी, फालसंडा रांगडान में पूर्व सरपंच चमन लाल व बलजीत सिंह ने अपने-अपने गांवों में लड्डू बांटकर जश्न मनाया।

उन्होंने कहा की भाजपा नेतृत्व ने नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बना कर प्रदेश के ओबीसी व पिछड़ा वर्गों का सम्मान बढ़ाया है जिसके लिए ये वर्ग भाजपा के सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटें पिछले लोकसभा चुनावों से ज्यादा वोटों के अंतर से जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा ही ओबीसी, पिछड़ा वर्ग व दलित समाज की सच्ची हितैषी है। इस अवसर पर ओमप्रकाश सैनी के अलावा सरपंच रीना सैनी, कौशल सैनी, बलैती राम, जगमाल सैनी, कर्मवीर लोहट, शशि कांत, राजीव कुमार, रिंकू, डिम्पल सैनी, सतीश कुमार, रमेश कुमार, वैभव शर्मा, निर्मल सिंह, सतपाल, राजेन्द्र सैनी, सलिन्द्र सिंह, रामसरुप के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मोटरसाइकिल सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत

**झज्जर:** झज्जर के सेक्टर 6 स्थित गुरुकुल मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# मैरिट आधार पर बिना खर्ची व बिना पर्ची के नौकरी देकर पूर्व मुयमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बनाई अमिट छाप : मुनीश शर्मा

### कहा, भाजपा सरकार ने जिला परिषद को दी है असली पहचान, सभी वार्डों में हो रहे समान विकास कार्य

कृष्ण प्रजापति



**कैथल :** जिला पार्षद व युवा भाजपा नेता मुनीश शर्मा फरल ने कहा कि आगामी दिनों में वार्ड 15 में सवा करोड़ की राशि से विकास कार्य होंगे जिनमें कुछ कार्यों के टेंडर लग चुके हैं, कुछ पर कार्य चल रहा है और कुछ कार्य सम्पन्न होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि उनका सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का लक्ष्य है।

जिला परिषद कैथल के वार्ड 15 से पार्षद एवं युवा भाजपा नेता मुनीश शर्मा फरल ने प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई दी और प्रदेश की जनता को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जिला परिषद को असली पहचान दी है, पार्षदों द्वारा अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य करवाकर गांव की सूरत और मूरत बदलने का प्रयास किया जा रहा है और सभी पार्षद इसमें कामयाब होंगे। मुनीश शर्मा ने कहा कि जिले के प्रत्येक वार्डों में आज विकास के कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आँचल के सांझे विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करवाया जा रहा है। दावा करते हुए युवा भाजपा नेता मुनीश शर्मा फरल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश-प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है।

उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। पारदर्शी तरीके से बिना खर्ची व बिना पर्ची के नौकरी देकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अमिट छाप बनाई है और प्रदेश का हर वर्ग पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीतियों से प्रभावित है। जिला पार्षद मुनीश शर्मा फरल ने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल ने जहां भ्रष्टाचार का अंत किया, पारदर्शी शासन दिया और राजनीति के मायने बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी ने सांसद रहते हुए जहां करोड़ों के विकास कार्य करवाये, प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद एक ऐसी लहर प्रदेश में बनाई कि 10 की 10 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चले। मुनीश शर्मा ने कहा कि पहले मनोहर लाल खट्टर ने सीएम बनकर क्षेत्रवाद को दूर किया और अब कुरुक्षेत्र-कैथल क्षेत्र के लोगों को ऐसा सीएम मिला जो सभी जिलों में समान रूप से विकास करवाएंगे।

### सुनील शर्मा फरल बने भाजपा जिला सोशल मीडिया सह-प्रमुख



**कैथल (कृष्ण प्रजापति) :** भाजपा के युवा कार्यकर्ता सुनील शर्मा फरल को पार्टी का कैथल जिला सोशल मीडिया सह-संयोजक बनाया गया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने कैथल भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड व जिला परिषद के वार्ड 15 से पार्षद मुनीश शर्मा सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। नवनियुक्त जिला सह-संयोजक सोशल मीडिया सुनील शर्मा फरल ने कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, वे बड़ी निष्ठा, ईमानदारी, लग्न, मेहनत से जिम्मेवारी को निभाएंगे। उन्होंने जिला संयोजक ईश्वर सिंह का भी आभार जताया। सुनील शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और सबसे खास बात यह है कि इसमें पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिलता है। पहले की सरकारों में ऐसा नहीं होता था, जो मंचासीन होते थे, केवल उन्हें ही योजनाओं का लाभ मिलता था परंतु भारतीय जनता पार्टी में गरीब, मजदूर और आम आदमी को भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि इन नीतियों से आज देश और प्रदेश का हर वर्ग प्रभावित है।

# ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को प्रदेश का सीएम बनाकर भाजपा ने रचा इतिहास : अमित सैनी

राजेश कुमार



**बाबैन :** समाजसेवी अमित सैनी पौंकी ने नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी जताते हुए कहा ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने इतिहास रचा है जिसका लाभ आने वाले विधानसभा व लोकसभा के चुनावों में पार्टी को मिलेगा। अमित सैनी गांव रामशरण माजरा में अपनी हवेली पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार उत्तरी हरियाणा से मुख्यमंत्री बनने पर उत्तरी हरियाणा की जनता का मान सम्मान बढा है जिससे जनता में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि एक आम कार्यकर्त्ता को इतने बड़े पद पर बैठाने का काम केवल बीजेपी में ही संभव हो सकता है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बिना किसी झिझक के आलाकमान के आदेश पर अपने पद से इस्तीफा देने में देरी नहीं लगाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक स्वच्छ छवि के राजनेता हैं जिनके शासनकाल में प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की दसों लोकसभा सीटों पर बीजेपी पूर्ण बहुमत से विजयी होगी।

# जनता की सेवा करने के लिए ही भाजपा सरकार में आया हूं और हमेशा सेवा करता रहूंगा : संदीप गर्ग

## गांव ध्यांगला में ग्रामीणों ने किया भाजपा नेता संदीप गर्ग का जोरदार स्वागत

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग



**लाडवा :** लाडवा के गांव ध्यांगला के श्री गुरू रविदास मंदिर में सरपंच राजपाल व ग्रामीणों द्वारा भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सरपंच राजपाल ने कहा कि पिछले कई वर्षो से जो संदीप गर्ग लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं और जो उनके द्वारा समाजसेवा के कार्य करवाए जा रहे हैं वह किसी से भी छुपे हुए नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि अब वह भाजपा सरकार में रहकर और अधिक जनता के काम करवा सकेंगे, जिससे जनता को लाभ तो मिलेगा ही। इसके साथ-साथ जनता की समस्याएं भी दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हर कार्यक्रम में संदीप गर्ग आगे रहते हैं और हर सुख-दुख में खड़े दिखाई देते हैं। वहीं भाजपा नेता संदीप गर्ग ने कहा कि वह जनता की सेवा करने के लिए ही सरकार में आए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ काम ऐसे होते हैं, जो सरकार में रहकर ही हो सकते हैं, अब वह बीजेपी पार्टी में आ गए हैं और अब जनता की समस्याओं को दूर करने का काम किया जाएगा।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जो जनता के हित के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है उनको जनता की बीच पहुंचाने का काम किया जाएगा ताकि लोगों को उन योजनाओं का भी लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र लोकसभा से सासंद नायब सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री बन गए हैं। जिससे कुरूक्षेत्र जिले के साथ-साथ लाडवा हल्के का कद भी बढ़ गया है, जिसको लेकर भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ हल्के की जनता में भी खुशी का माहौल है। मौके पर संभालखा सरपंच सोहन लाल, मनोज धवन, नरेश कुमार, घनश्याम काम्बोज आदि मौजूद थे।

### चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि में 18-19 मार्च को कृषि मेले का आयोजन

**चंडीगढ़:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार 18-19 मार्च को कृषि मेला (खरीफ) का आयोजन करेगा। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का विषय 'खेती में ड्रोन का महत्व' होगा। खेती में ड्रोन का महत्व आज समय की मांग है। ड्रोन के द्वारा कम समय में केमिकल फर्टीलाइजर व पेस्टिसाइड का उपयोग आसानी से किया जा सकता है, जिससे कम लागत होने के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत होगी। साथ ही उन्हें ड्रोन का उपयोग करना भी समझाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में किसानों के साथ बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व यंत्र निर्माता कंपनियां भी भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त किसानों को इन मशीनों की कीमत तथा इनके निर्माताओं की भी जानकारी मिल सकेगी।

# नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बढ़ा जिला कुरुक्षेत्र का मान : डॉ. गणेश दत्त



राजेश कुमार

**बाबैन :** हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी को भाजपा नेतृत्व द्वारा हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बनाए जाने पर जनता में भारी जोश एंव उत्साह का माहौल बना हुआ है। नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने की खुशी में आज पिपली रोड के दुकानदार गुरमेज सिंह की दुकान पर दुकानदारों ने लड्डू बांट कर खुशी मनाई और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री का पद देकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने ओबीसी समाज और जिला कुरुक्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बिना किसी पक्षपात के हरियाणा को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाया है और नायब सैनी उनके कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी स्वच्छ छवि के नेता है जिनके नेतृत्व मे हरियाणा प्रदेश विकास के नए आयाम हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि नायब सैनी के प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने से पूरे प्रदेश के लोगों में नये उत्साह का संचार हुआ है और नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा फिर से प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों को जीत कर नया इतिहास रचेगी।

इस अवसर पर गुरमेज सिंह, मंगत राम, रीना, जोगिन्दर सिंह, संजीव कुमार, पंकज सैनी, जोनी, सुखबीर सिंह, संजीव कुमार के अलावा अन्य दुकानदार उपस्थित रहे।